# कार्यवाही विवरण

**मेसर्स निरोज इस्पात प्राईवेट लिमिटेड, 14—ए, हैवी इण्डस्टियल एरिया, हथखोज, भिलाई, जिला—दुर्ग (छ.ग.) में Expansion of Sponge Iron (97,500 TPA to 1,40,000 TPA), MS Billet (90,000 TPA to 1,92,500 TPA), Rerolled Steel Products ( 90,000 TPA to 1,80,000 TPA -: Through Hot Charging 1,26,000 TPA and thourgh Reheating Furnace 54,000 TPA), Existing Captive Power 8 MW ( through WHRB) and Pipe Mill 1,75,000 TPA (new) within existing plant premises के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई दिनांक 16.01.2023 को समय दोपहर—12:00 बजे, स्थान—सी.एस.आई.डी.सी.कमर्शियल जोन, इंजीनियरिंग पार्क, हथखोज, तहसील— भिलाई—03, जिला—दुर्ग (छ.ग.) में आयोजित लोक सुनवाई का कार्यवाही विवरण :—**

भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के अंतर्गत मेसर्स निरोज इस्पात प्राईवेट लिमिटेड, 14—ए, हैवी इण्डस्टियल एरिया, हथखोज, भिलाई, जिला—दुर्ग (छ.ग.) में Expansion of Sponge Iron (97,500 TPA to 1,40,000 TPA), MS Billet (90,000 TPA to 1,92,500 TPA), Rerolled Steel Products ( 90,000 TPA to 1,80,000 TPA -: Through Hot Charging 1,26,000 TPA and thourgh Reheating Furnace 54,000 TPA), Existing Captive Power 8 MW ( through WHRB) and Pipe Mill 1,75,000 TPA (new) within existing plant premises के पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई हेतु परियोजना प्रस्तावक के आवेदन के परिपेक्ष्य में राष्ट्रीय समाचार पत्र द पायोनियर, नई दिल्ली दिनांक 14.12.2022 एवं दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि, सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ दिनांक 14.12.2022 में लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तदानुसार लोक सुनवाई दिनांक 16.01.2023 को समय दोपहर 12.00 बजे, स्थान—सी.एस.आई.डी.सी.कमर्शियल जोन, इंजीनियरिंग पार्क, हथखोज, तहसील—भिलाई—03, जिला—दुर्ग (छ.ग.) में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं कार्यपालक सार की प्रति एवं इसकी सी.डी. जन सामान्य के अवलोकन हेतु डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, क्षेत्रीय अधिकारी, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर—19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला—रायपुर, छत्तीसगढ़, कलेक्टर कार्यालय कलेक्टर, जिला—दुर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला—दुर्ग, आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई —चरोदा, जिला—दुर्ग, मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला—दुर्ग, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, 5/32 बंगला, भिलाई, जिला—दुर्ग एवं मुख्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल पर्यावास भवन,

सेक्टर–19 नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर में रखी गई थी। उक्त परियोजना के संबंध में आपत्ति, सुझाव, विचार एवं टीका–टिप्पणियां इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, 5/32 बंगला भिलाई, जिला–दुर्ग में कार्यालयीन समय में मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया था। लोक सुनवाई की निर्धारित तिथि तक क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, 5/32 बंगला भिलाई, जिला–दुर्ग में लिखित रूप से उक्त परियोजना के संबंध में 41 आपत्ति, सुझाव, विचार एवं टीका–टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं।

उक्त परियोजना की लोक सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 16.01.2023 को दोपहर 12.15 बजे अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, जिला–दुर्ग की अध्यक्षता में स्थान–सी.एस.आई.डी.सी. कमर्शियल जोन, इंजीनियरिंग पार्क, हथखोज, तहसील–भिलाई–03, जिला–दुर्ग (छ.ग.) में लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, भिलाई द्वारा लोक सुनवाई प्रारंभ करते हुए भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रकिया के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को दी गई। तत्पश्चात् उद्योग की ओर से प्रतिनिधि/कंसलटेन्ट श्री अनिल अग्रवाल, संचालक, मेसर्स निरोज इस्पात प्राईवेट लिमिटेड, 14–ए, हैवी इण्डस्टियल एरिया, हथखोज, भिलाई, जिला–दुर्ग एवं श्री नरेश कुमार निषाद, प्रतिनिधि मे0 एनाकॉन लेबोरेटरीज प्राईवेट लिमिटेड, नागपुर (महाराष्ट्र) द्वारा प्रस्तावित प्रोजेक्ट के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई।

तदोपरांत अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग द्वारा निर्धारित समय एवं तिथि पर लोक सुनवाई प्रारंभ करने की घोषणा की गई।

क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, भिलाई जिला दुर्ग द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को लोक सुनवाई संबंधी विषय पर अपने, आपत्ति, सुझाव, विचार एवं टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् उपस्थित लोगों ने उक्त परियोजना के संबंध में अपना आपत्ति, सुझाव, विचार एवं, टीका–टीप्पणियां दर्ज कराया जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **डॉ0 किशोर जैन, भिलाई–03, हथखोज, जिला–दुर्ग।**

➢ प्रस्ताव को बढ़ाने में स्वीकृति प्रदान करता हूं।

2. **श्री गनी कुमार वर्मा, अकलोरडीह, भिलाई–03, जिला–दुर्ग।**

➢ प्रस्ताव को बढ़ाने में स्वीकृति प्रदान करता हूं। जिससे लोगों को रोजगार मिल सके।

3. **श्री समयलाल साहू, शिवपुरी जामुल, जिला–दुर्ग।**

➢ कोविड के समय उद्योग प्रबंधन ने सहयोग किया है। उद्योग का मैं समर्थन करता हूं।

4. **श्री मुकेश वर्मा, भिलाई–03, जिला–दुर्ग।**

➢ उद्योग का मैं समर्थन करता हूं।

5. **श्री बालाराम साहू, पूर्व पार्षद, इंदिरा नगर, हथखोज, जिला–दुर्ग।**

➢ जय जवान जय किसान के साथ जैव विज्ञान को भी जोड़ना है। निरोज इस्पात ने जिस तरह से उद्योग लगा रहे हैं उनमें सिर्फ उत्पादन करना सोच नही है, उन्होंने स्कूल में भी काम करवाया है। प्रतिवर्ष पर्यावरण के क्षेत्र में भी कार्य करवाया है। आसपास के गांव में प्रत्येक वर्ष पूछा जाता है कि पेड़ लगाने हेतु कितने वृक्ष की आवश्यकता है। प्रत्येक वर्ष उद्योग प्रबंधन द्वारा हर गांव में 100–200 पेड़ लगवाये जाते हैं। इससे युवा साथियों को रोजगार मिलेगा। निरोज इस्पात का आसपास के गांव के प्रति प्रेम है।

6. **श्री सूर्यकांत वर्मा, छावनी, भिलाई–03, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं सिकलिन से पीड़ित व्यक्ति हूं। निरोज इस्पात ने मेरा ईलाज में मेरा बहुत सहयोग करवाया। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

7. **श्री चन्द्रशेखर वर्मा, ग्राम–सुरडुंग, जिला–दुर्ग।**

➢ निरोज इस्पात ने क्षेत्र में बहुत कार्य करवाये हैं। स्थानीय लोगों को सही पेयजल उपलब्ध नही हो पाता है। विगत 13 वर्षो से उद्योग प्रबंधन ने पेयजल उपलब्ध करवाया है। हमारे गांव में बन रहे ग्राउण्ड में वृक्षारोपण करवाया गया है। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

8. **श्रीमती पुष्पा कौसल, इंजीनियरिंग पार्क, हथखोज, जिला–दुर्ग।**

➢ मेरे पति का किडनी का ईलाज निरोज इस्पात ने करवाया। मेरी बच्ची सिकलिन की वजह से मृत्यु के द्वार से वापस आई है। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

9. **श्री ओम प्रकाश चंद्राकर , हाउसिंग बोर्ड, भिलाई, जिला–दुर्ग।**

➢ उद्योग द्वारा बहुत से पेड़ पौधे लगाये गये हैं। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

10. **श्री प्रदीप सागरवंशी, इंदिरा नगर, हथखोज, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

11. **श्री दुगेश निषाद, इंदिरा नगर, हथखोज, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

12. **श्री राजू यादव, ग्राम–उमदा, भिलाई–03, जिला–दुर्ग।**

➢ निरोज इस्पात द्वारा चलाये गये वृक्षारोपण से बहुत फायदा मिला है। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

13. **श्री संजय तिवारी, इंदिरा नगर, हथखोज, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

14. **श्री जगमोहन यादव, जांगगिरी, जिला–दुर्ग।**

➢ इससे हम लोगों को रोजगार मिलेगा। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

15. **श्री देवकरण कश्यप, हथखोज, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

16. **श्री मोहन लाल साहू, शिवपुरी जामुल, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

17. **श्रीमती सरोज विश्वकर्मा, रामनगर मुक्तिधाम, भिलाई, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

18. **श्री चंद्रसूरज साहू , भिलाई, जिला–दुर्ग।**

➢ इससे हम लोगों को रोजगार मिलेगा। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।.

19. **श्री हीरालाल साहू, सुरडुंग, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

20. **श्री राकेश कुमार बंछोर, हथखोज, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं। निरोज इस्पात द्वारा प्रत्येक वर्ष गांव में वृक्षारोपण करवाया जाता है। विस्तारीकरण से गांव वालों को रोजगार मिलेगा। सभी धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों में कंपनी से सहयोग मिलता है।

21. **श्री विजय सिंग क्षत्रीय , हाउसिंग बोर्ड, भिलाई, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

22. **श्रीमती हेमलता मरड़ीया, शासकीय प्राथमिक शाला अकलोरडीह, जिला–दुर्ग।**

➢ कंपनी द्वारा स्कूल को बहुत से लाभ हुए हैं। बैठक व्यवस्था हेतु टाटपट्टी उपलब्ध करवाया जाता है। बच्चो के बैठक व्यवस्था में एकरूपता लाने के लिये उनकी साईज के हिसाब से बेंच उपलब्ध करवाये गये। प्रत्येक शाला में शिक्षकों के लिये भी मानदेय दिया गया। मुख्य द्वार में प्रवेश के लिये उचित व्यवस्था करवाया गया। वाहनों के रख रखाव के लिये शेड बनवाया गया। वर्ष 2017 में 5वीं कक्षा में प्रथम आने वाले बच्चों के लिये 5 हजार रूपये तथा 2तीय आने वाले बच्चों के लिये 2 हजार रूपये का पुरस्कार दिया गया। प्रार्थना मंच का निर्माण करवाया गया।

23. **श्री वीरू कुमार, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
- मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं। इससे लोगों को रोजगार मिलेगा।

24. **श्री सोहन लाल बघेल, भिलाई–03, जिला–दुर्ग।**
- मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

25. **श्री चन्दन दास वैष्णव, भिलाई–03, जिला–दुर्ग।**
- मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

26. **श्री अजय सोई, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
- निरोज द्वारा सड़क किनारे वृक्षारोपण करवाया गया। निरोज इस्पात द्वारा आसपास करोनाकाल में सेनेटाईजर, मास्क, साबुन आदि उपलब्ध करवाया गया। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

27. **श्री तुलाराम साहू, भिलाई–03, जिला–दुर्ग।**
- मैं निरोज इस्पात में कार्य करता हूं। करोनाकाल में मेरा तबियत खराब होने पर कंपनी द्वारा मेरा ईलाज करवाया गया और मेरे परिवार का ध्यान रखा गया। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

28. **श्री सज्जाद अली, भिलाई–03, जिला–दुर्ग।**
- मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

29. **श्री मुन्ना यादव, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
- मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

30. **श्री सुनील वर्मा, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
- मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

31. **श्री इन्द्र कुमार साहू, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
- मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं। कंपनी द्वारा जल कल्याणकारी कार्य करवाया गया है। मैं पूरा सहमत हूं।

32. **श्री रामदास गिरी, वार्ड–20 भिलाई, जिला–दुर्ग।**
- मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

33. **श्री भूपेन्द्र कुमार, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
- मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

34. **श्री हरिनारायण साहू, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
- मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

35. **श्री नवदीप कोसरे, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
- मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

36. **श्रीमती भगवती मिश्रा, इंदिरा नगर, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

37. **श्री जनेन्द्र कुमार जयपाल, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

38. **श्री नीलमणी वर्मा, ग्राम–सुरडुंग हथखोज, जिला–दुर्ग।**
➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

39. **श्री पोषण लाल कोसरे, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

40. **श्री विनय कुमार देवांगन, भिलाई–03, जिला–दुर्ग।**
➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं। .

41. **श्री सतीश कुमार वर्मा, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

42. **श्री तुलाराम भारती, उमदा, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

43. **श्री श्रवण कुमार साहू जरवाय, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

44. **श्रीमती सरोज, सरपंच ग्राम अकलोरडीह, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

45. **श्री विनोद कुमार निषाद अकलोरडीह, हथखोज, जिला–दुर्ग।**
➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं। निरोज ने गांव में बहुत काम करवाये हैं। स्कूल में कार्य करवाये हैं।

46. **श्री प्रकाश कुमार निषाद, ग्राम–जरवाय, जिला–दुर्ग।**
➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

47. **श्रीमती इंद्राणी ग्राम जरवाय, जिला–दुर्ग।**
➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

48. **श्रीमती सरस्वती साहू ग्राम जरवाय, जिला–दुर्ग।**
➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

49. **श्रीमती सुनीता ग्राम अकलोरडीह, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करती हूं।

50. **श्रीमती कुमारी बाई यादव ग्राम अकलोरडीह, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करती हूं।

51. **श्री प्रमोद रामटेके ग्राम अकलोरडीह, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

52. **श्री मनीष कुमार निषाद ग्राम अकलोरडीह, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

53. **श्री घनश्याम सिंग साहू ग्राम अकरलोरडीह, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं। निरोज इस्पात द्वारा लोगों के स्वास्थ्य, पेयजल, पर्यावरण, सैद्धांतिक कार्यक्रम करवाया जाता है। हर प्रकार की समस्या के निराकरण करने में कंपनी का बराबर सहयोग मिलता है। ग्राम अकलोरडीह में विगत 7–8 वर्षो से पेयजल की आपूर्ति टैंकर के माध्यम से की जा रही है। पर्यावरण के क्षेत्र में कंपनी द्वारा गांव के भाटा क्षेत्र में वृक्षारोपण करवाया गया है। पूर्व माध्यमिक शाला में आवश्यक वस्तुओं की मांग को पूरा किया गया। स्कूल के गड्ढों को भरा गया। सरस्वती मंदिर का निर्माण करवाया गया। स्कूल में टाईल्स लगवाया गया। बच्चों के लिये पेयजल उपलब्ध करवाया गया। स्कूल में प्रशासन की व्यवस्था को सुधार करवाया गया। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं। एक निवेदन है कि हमारे गांव का नाला बहुत प्रदूषित है। वहां के पानी को कोई हाथ नही लगा सकता। कोई पशु–पक्षी पानी पी नही पाते। आसपास की फसल नुकसान होता हैं एवं बोरवेल खराब होते जा रहा है। हम पूर्णतः कृषक हैं। हमारी आय का एकमात्र साधन कृषि है। नाली में जो दूषित पानी प्रवाहित हो रहा है इस पर विशेष ध्यान देकर जन सामान्य का सहयोग करें।

54. **श्रीमती सीता बाई,, ग्राम अकलोरडीह, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करती हूं।

55. **श्री गैंदलाल ठाकुर ग्राम अकलोरडीह, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

56. **श्री हेमन्त कुमार ठाकुर, पूर्व एल्डरमेन, भिलाई, ग्राम अकलोरडीह, जिला–दुर्ग।**

➢ रोजगार एवं विकास कार्य के क्षेत्र में कंपनी द्वारा बहुंत सराहनीय कार्य किया जा रहा है। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

57. **श्री दुकालूराम मडरिया, हथखोज, जिला–दुर्ग।**

➢ यहां पर्यावरण के संबंध में अन्य फैक्ट्री ध्यान नहीं देते केवल निरोज कंपनी को छोडकर। मेरा निवेदन है कि इसमें मेरा विशेष ध्यान दिया जाये। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

58. **श्री संतोष कुमार वर्मा, भिलाई–03, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

59. **श्री मुक्तानंद वैष्णव, हथखोज, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं। कंपनी ने बेरोजगारों को रोजगार दिलवाया। पर्यावरण के क्षेत्र में पूर्व वक्ताओं ने बताया है।

60. **श्री लोकेश कुमार साहू, ग्राम–अकलोरडीह, जिला–दुर्ग।**

➢ कंपनी का पेयजल एवं सामाजिक कार्यो में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

61. **श्रीमती रंजीता ध्रुव, हथखोज, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करती हूं।

62. **श्रीमती रंजीता, हथखोज, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करती हूं।

63. पुनः उद्बोधन **श्रीमती पुष्पा कौसल, इंजीनियरिंग पार्क, हथखोज, जिला–दुर्ग।**

➢ मेरे पति बीमारी पहले कंपनी में कार्य करते थे, वो किडनी की बीमारी की वजह से इस दुनिया में नही है। मेरी बच्ची का सिकलिन का ईलाज भी कंपनी के द्वारा करवाया गया। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

64. **श्री वासु यादव, भिलाई–03, जिला–दुर्ग।**

➢ जनहित में कंपनी द्वारा बहुत कार्य किया जाता है। मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

65. **श्री दयाशंकर गेन्ड्रे, भिलाई–03, जिला–दुर्ग।**

➢ मैं विस्तारीकरण का समर्थन करता हूं।

उपरोक्त वक्तव्य के बाद अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जनसमुदाय से अपने विचार व्यक्त करने का अनुरोध किया गया किन्तु जब कोई भी व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने हेतु उपस्थित नहीं हुआ तब अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग द्वारा लोक सुनवाई के दौरान आये विभिन्न मुद्दों के निराकरण हेतु परियोजना प्रस्तावक को आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् परियोजना प्रस्तावक की ओर से प्रतिनिधि/कंसलटेन्ट श्री विकास ठाकुर, परियोजना सलाहकार, निरोज इस्पात प्राईवेट लिमिटेडद्वारा परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई के दौरान उठाए गए मुख्य मुद्दों के निराकरण हेतु मौखिक रूप से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि जो कि निम्नानुसार है :–

- ❖ वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु वेट स्क्रबर, बैग फिल्टर की व्यवस्था किया गया है।
- ❖ जल प्रदूषण के उपचार हेतु ईटीपी की व्यवस्था की गई है।

लोक सुनवाई स्थल पर लिखित में 85 आपत्ति, सुझाव, विचार एवं टीका–टिप्पणीयां प्राप्त हुई। स्थल पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आवेदक से परियोजना केसंबंध में सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। लोक सुनवाई के दौरान 64 व्यक्तियों (01 व्यक्ति द्वारा पुनः उद्बोधन) के द्वारा कुल 65 व्यक्तियों द्वारा मौखिक आपत्ति, सुझाव, विचार एवं टीका–टिप्पणियां अभिव्यक्त की गई जिसे अभिलिखित किया गया। लोक सुनवाई के दौरान उपस्थित जनसमुदाय में से कुल 95 लोगों ने हस्ताक्षर किये हैं। संपूर्ण लोक सुनवाई कार्यवाही की विडियोग्राफी कराई गई।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, जिला–दुर्ग द्वारा लोक सुनवाई में उपस्थित सभी जनसमुदाय को लोक सुनवाई में भाग लेने एवं आवश्यक सहयोग देने के लिये धन्यवाद देते हुए दोपहर 1.56 बजे लोक सुनवाई की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की गई।

क्षेत्रीय अधिकारी,
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल,भिलाई

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला–दुर्ग